खंड 2 संख्या 5

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## (भाग—1 कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

बुधवार, तिथि 30 नवम्बर 1977

### विषय-सूचि।


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | | |
| अल्प सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—दो (19 एवं 20) | ... | 1—8 |
| तारांकित प्रश्न सं० 101 के संबंध में | ... | 9 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या-102, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 114, 116, 118, 119, 123, 131, 136, 137, 142, 143, 158, 159, 162, 165, 170, 172, 175, 179, 180, 182, 188, 197, 204, 205, 208, 214, 220, 221, 224, 229, 236, 237, 239, 249, 252, 258, 259, 260, 264, 269, 271, 274, 275, 276, 282, 289, 294, 301, 308, 803, 806, 807, 810, 811, 812, 814, 815, 823, 824, 825, 831, 836, 850, 856, 874, 877, 887, 893, 909, 911, 916, 929, 941 एवं 997। | ... | 10—75 |
| परिशिष्टः—(प्रश्नों के लिखित उत्तर) | ... | 76—84 |
| दैनिक निबंध ... ... | ... | 85—88 |


टिप्पणी—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के आगे (❀) चिह्न लगा दिया गया है।

31-3-73 की अवधि के वेतन भुगतान की जिम्मेवारी भी प्रबन्ध कारिणी समिति की ही थी, अन्तर वेतन की राशि का भुगतान सरकार को शिक्षक के भविष्य निधि में जमा करना है।

उपरोक्त वर्णित परिस्थिति में बकाये भुगतान का प्रश्न नहीं उठता।

---

## शिक्षकों का पदस्थापन

108. श्री सूर्य नारायण सिंह—क्या मंत्री शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि धमदाहा प्रखंड के श्री कपलेश्वर झा, प्राथमिक विद्यालय, धमदाहा श्री श्याम सुन्दर झा, शिक्षक कन्या मध्य विद्यालय, धमदाहा (उत्तर) श्री योगेन्द्र नारायण चौधरी, प्राथमिक विद्यालय, ढेकावा, श्री बुद्धनाथ झा, श्री हरिबंश झा, श्री यशोधर झा, शिक्षक, मध्य विद्यालय, धमदाहा, श्री चतरभुज झा, प्रा० वि० हरिपकोल एवं श्री सहदेव झा शिक्षक, प्रा० वि० संझा घाट पांच वर्ष से अधिक समय से एक जगह पर पदस्थापित है,

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशासनिक हित में सरकारी नियमानुसार किसी भी शिक्षक को एक जगह तीन वर्ष से अधिक पदस्थापित नहीं रखा जाता है;

(3) यदि उपयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार जनहित में उक्त शिक्षकों को कबतक अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

श्री विगम्बर ठाकुर मंत्री—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) सरकारी नियमानुसार किसी भी शिक्षक को एक जगह 5 वर्षों तक रहने के बाद स्थान्तरित करने का प्रावधान है।

(3) इन शिक्षकों के स्थानान्तरण का प्रस्ताव विचाराधीन है।

---

## सड़क का पक्कीकरण

114. श्री जगदीश चौधरी—क्या मंत्री ग्रामीण अभियत्रण संगठन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के लहेरिया-

सराय स्टेशन से बहादुरपुर होते हुए बहादुरपुर प्रखंड कार्यालय जाने का एक मात्र सड़क कच्ची एवं बेमरम्मत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्ग का दरभंगा जिला मुख्यालय लहेरियासराय स्टेशन एवं लहेरियासराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से सीधा सम्पर्क है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त सड़क का पक्कीकरण करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

श्री जगबन्धु अधिकारी—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) अर्थाभाव के कारण नई सड़कों को सुधार हेतु स्वीकृत करना संभव नहीं है

---

## जमीन की आमदनी का विवरण

116 श्री राजो सिंह—क्या मंत्री उच्च शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि :

(1) मुंगेर जिला के अन्तर्गत लखीसराय में बालिका विद्यापीठ की कुल कितनी जमीन स्कूल के हाते में है और कितनी जमीन स्कूल के हाते के बाहर है,

(2) उक्त जमीन के फसलों से विद्यापीठ को हर साल क्या आमदनी होती है । प्रारंभ से लेकर अक्टूबर 77 तक कुल कितनी आमदनी हुयी है और क्या उसका ब्योरा कैश बुक में है, यदि नहीं तो सरकार इसपर क्या करना चाहती है ?

श्री ठाकुर प्रसाद सिंह—(1) बालिका विद्यापीठ को पहले कुल 112·2 एकड़ जमीन जिसमें करीब 19 एकड़ जमीन का उपयोग पी० डब्लू० डी० द्वारा सड़क बनाने तथा महिला शिक्षिका प्राथमिक शिक्षा महाविद्यालय लखीसराय के निर्माण में किया गया । इसी 19 एकड़ जमीन में यह जमीन भी शामिल है जिसका कुछ भाग नदी में कट गया तथा कुछ विद्यालय ट्रस्ट बोर्ड के द्वारा श्री बैजू गोप के परिवार के हाथों में बेच दिया गया शेष बचे जमीन 22 एकड़ के क्षेत्र में विद्यालय भवन, छात्रा